# सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम
# वार्षिक प्रतिवेदन- 2024-25
# दिनांक: 20 दिसंबर, 2024

## 1. विश्वविद्यालय का उद्भव (Evolution of the University)

भारत सरकार की नई शिक्षा नीति, 2020 के कार्यान्वयन  में झारखण्ड सरकार सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। उसी क्रम में झारखण्ड सरकार ने विशेष रूप से माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी तथा घाटशिला प्रमंडल के विधायक एवं मंत्री श्री रामदास सोरेन जी द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पहल करते हुए कई एक नए कदम उठाए हैं जिसमें आदिवासी बहुल जिलों में नए नए सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों को प्रारम्भ करना भी है। सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला उसी प्रक्रिया का एक उदाहरण है तथा यह विश्वविद्यालय झारखण्ड राज्य के उच्च शिक्षा जगत का एक उभरता हुआ सूरज हैं जिसे झारखण्ड सरकार ने अपने अधिनियम, 5, वर्ष 2023 दिनांक : 17-02-2023 के तहत पारित कर आदिवासी ग्रामीण क्षेत्र में 09-03-2023 को स्थापित किया है तथा इसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC), नई दिल्ली, भारत सरकार ने यूजीसी अधिनियम, 1956 के अनुच्छेद 2(f) के अन्तरगत भी 25-05-2023 को स्वीकृति प्रदान की है। झारखण्ड राज्य के महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा माननीय प्रभाकर सिंह जी को, जो सोना देवी मेमोरियल एजुकेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन तथा सोना देवी विश्वविद्यालय के संस्थापक भी है, को सोना देवी विश्वविद्यालय का प्रथम कुलाधिपति दिनांक : 29-09-2023 को नियुक्त किया गया, इसके बाद विधिवत विश्वविद्यालय का क्रियाकलाप प्रारम्भ हुए। माननीय प्रभाकर सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय से खुद उच्च शिक्षा पाकर, अपने ज्ञान का क्रियान्वयन करते हुए समाज के उद्धार  के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सोना देवी विश्वविद्यालय की स्थापना कर एक अपूर्व कार्य किया है।

## 2. विश्वविद्यालय की दृष्टि (Vision of the University)

सोना देवी विश्वविद्यालय की दृष्टि (vision), मूल्य आधारित गुणवत्ता पूर्ण उच्च शिक्षा, शोध,  नमवोन्वेष एवं विभिन्न रचनात्मक क्रिया कलापों एवं मेधावी खोज के माध्यम से एक ज्ञानवान समाज का निर्माण कर प्रवुद्ध एवं ज्ञानवान नागरिकता विकसित करना है जिससे कि व्यक्तियों, राज्य, राष्ट्र तथा बृहत्तर विश्व में शान्ति, उन्नति एवं समृद्धि स्थापित हो सके ।

## 3. विश्वविद्यालय के उद्देश्य (Mission of the University)

रचनात्मक एवं आलोचनात्मक चिन्तन का संवर्धन कर, दृढ चरित्र का निर्माण कर, मूल्य आधारित उच्च शिक्षा को बढ़ावा देकर, पारदर्शी कार्य संस्कृति एवं नैतिकता को विकसित कर झारखण्ड तथा उसके निकटवर्त्ती राज्यों, देश के लोगों में आत्मनिर्भरता लाने, उनका सर्वांगीण एवं सातत्य विकास करने के लिए सोना देवी विश्वविद्यालय अपनी बहु आयामी शिक्षण व्यवस्था के माध्यम से एक ज्ञानवान समुदाय / समाज का निर्माण करना चाहता है। शिक्षण के वैज्ञानिक (शुद्ध) एवं व्यावहारिक क्षेत्र में अध्यापन, अनुसंधान एवं नवोन्वेष के माध्यम से उत्कृष्टता का वातावरण विकसित कर जिसमें सामाजिक समानता, समता, मानवीय एवं लोकतांत्रिक मूल्यों तथा समावेशी सामाजिक आर्थिक विकास, समुदाय तक पहुँच की पहल, वैज्ञानिक क्रिया कलापों तथा प्रौद्योगिकीय उन्नति आदि का समावेश कर सोना देवी विश्वविद्यालय अपने इस उद्देश्य (Mission) को प्राप्त करने का प्रयास करेगा। विश्वविद्यालय के लोगो (Logo)" **विद्या लभते पुरुषार्थचतुष्टयाम्**" में भी हमारी यही विज़न एवं मिशन परलक्षित होता है।

## 4. विश्वविद्यालय का प्रतीक चिन्ह (Logo of the University)

सोना देवी विश्वविद्यालय का मूलमंत्र (LOGO) ) " **विद्या लभते पुरुषार्थचतुष्टयाम्** " अर्थात उच्च एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने से चारों पुरुषार्थ - अर्थ, काम, धर्म और मोक्ष की प्राप्ति होती है। वर्तमन परिपेक्ष्य में सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला इस मूलमंत्र के साथ छात्र - छात्राओं का उच्च शिक्षा के माध्यम से भविष्य गढ़ने की ओर अग्रसर है। लोग चिराग, दीप जलाकर घर को रोशन करते है, लेकिन आज सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला ज्ञान का मशाल जलाकर समाज को रोशन बनाने का काम कर रहा है।

## 5. विश्वविद्यालय परिस्पर में उपलब्ध संरचनात्मक साधन एवं सुविधाऐं (Infrastructure facilities available in SDU)

सोना देवी विश्वविद्यालय कैंपस 20 एकड़ में फैला हुआ है जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता को विश्व स्तरीय स्वरुप देने का प्रयास किया जा रहा है। पूरा Campus WIFI है, कई एक Digital Class Room है, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, कम्प्यूटर लैब, पुस्तकों, अद्यतन शोध जनरलों, पत्रिकाओं मैगजीन आदि से सुसज्जित केन्द्रीय पुस्तकालय, राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिलब्ध संकाय सदस्य, छात्रा- छात्राओं के लिए अलग -अलग अत्याधुनिक सुविधाओं

से सुसज्जित छात्रावास, छात्र- छात्राओं के अलग-अलग कोमन रूम, मनोरंजन कक्ष, योग एवं मेडिटेशन कक्ष, ओडोटोरियम, खेल कूद की अद्यतन सुविधाएं तथा खेल मैदान उपलब्ध है। छात्र छात्राओं हेतु Industrial visit के लिए बस की व्यवस्था, Canteen तथा Cafeteria की व्यवस्था है, इसके साथ - साथ छात्र- छात्राओं को बहरागोड़ा, जमशेदपुर, मुसाबनी, जादुगोड़ा से विश्वविद्यालय तक आने एवं जाने के लिए बस व्यवस्था SDU की तरफ से उपलब्ध हैं।

**6. विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक स्कूल एवं पाठ्यक्रम (Different Educational Schools and Courses in SDU)**

सोना देवी विश्वविद्यालय में अभी 10 निम्नलिखित स्कूल कार्यरत है –

1. सूचना प्रौद्योगिकी एवं कम्प्यूटर विज्ञान स्कूल
2. अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी स्कूल
3. वाणिज्य एवं प्रबंध विज्ञान स्कूल
4. विज्ञान स्कूल
5. मानविकी एवं समाज विज्ञान स्कूल
6. फारमेसी स्कूल
7. कृषि विज्ञान स्कूल
8. योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा स्कूल
9. स्कूल ऑफ़ परफार्मिंग आर्ट्स
10. अनुसंधान एवं विकास स्कूल

जिनमें इस सत्र 2023 -24 से 39 पाठ्यक्रमों की पढ़ाई हो रही है। इसके साथ - साथ, सोना देवी विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 से उपरोक्त वर्णित स्कूलों में अनेक विषयों में विद्या वाचस्पति (पी० एच० डी०) की पढ़ाई भी प्रारंभ हो चुकी है। वर्तमान में झारखण्ड, बिहार, उड़ीसा, पश्चिमी बंगाल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, कुल 6 राज्यों के 580 से अधिक छात्र - छात्राऐं, 3 पदाधिकरी - कुलपति, कुलसचिव, परीक्षा नियंत्रक, 26 प्राध्यापक एवं 40 कर्मचारी विश्वविद्यालय में अध्ययन - अध्यापन में रत है। हमारे सभी पदाधिकारी, प्राध्यापकगण देश एवं झारखण्ड की श्रेष्तम प्रतिभाऐं हैं एवं ख्यातिलब्ध शिक्षाविद है।

**7. विश्वविद्यालय में उपलब्ध छात्रवृति सुविधाऐं (Scholarships Facility available in SDU)**

सत्र 2024 -25 से मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए सोना देवी विश्वविद्यालय में एक करोड़ रूपये तक की छात्रवृत्ति का प्रावधान है। इसके साथ - साथ सभी ST, SC तथा OBC

छात्र - छात्राओं को झारखण्ड सरकार की तरफ से दी जानी वाली ई-कल्याण छात्रवृति भी प्रदान की जाती है। इसके अलावा, विश्व महिला दिवस 9 मार्च, 2024 के अवसर पर महिला छात्राओं को उनके वार्षिक शुल्क में 50% की छूट भी प्रदान की गयी है।

## 8. विश्वविद्यालय द्वारा देश एवं विदेश के विभिन्न संस्थानों/ संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding of the University with different National and International Institutes/ Organizations)

छात्र - छात्राओं की शिक्षा की गुणवत्ता, ज्ञान के संवर्धन हेतु तथा विधार्थियों को रोजगार/प्लेसमेंट के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सोना देवी विश्वविद्यालय ने देश एवं विदेश के निम्नलिखित संस्थानों / संगठनों के साथ अभी तक समझौता ज्ञापन (Memorandum of Understanding) हस्ताक्षरित किये है :-

1. थाईलैण्ड विश्वविद्यालय, बैंकाक (Bangkok), थाईलैण्ड के साथ समझौता ज्ञापन
2. बिहार राज्य मत्स्य सहकारी महासंघ (कोफैड), पटना के साथ समझौता ज्ञापन
3. बीम आउटसोर्सिंग सर्विसेज एल एल पी (BOS), नई दिल्ली के साथ समझौता ज्ञापन
4. साइबरडोजो अलायन्स ( श्रद्धा नेक्सट्जन सोलूशन्स प्राइवेट लिमिटेड) अहमदाबाद, (गुजरात) के साथ समझौता ज्ञापन
5. मिडलैंड रीजनल फोरेंसिक सर्विसेज एंड वाईकाटो हॉस्पिटल, न्यूज़ीलैण्ड के साथ समझौता ज्ञापन

इसके साथ -साथ, सोना देवी विश्वविद्यालय पाठयक्रम के अनुसार देश-विदेश की विभित्र प्रतिष्ठित कम्पनीयों, संस्थाओं, संगठनों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों आदि जो छात्र छात्राओं को पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद रोजगार प्रदान करा सकें, उनके साथ सतत संपर्क में हैं और हमें पूरी आशा, विश्वास है कि सोना देवी विश्वविद्यालय से पढ़कर निकलने वाले सभी मेधावी छात्र- छात्राओं को 100% Job placement मिलेगा।

## 9. सोना देवी विश्वविद्यालय द्वारा छात्र - छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास हेतु आयोजित कार्यक्रमों का सक्षिप्त विवरण (Brief Description about the different activities organized by SDU for the overall development of Personality of the students)

सोना देवी विश्वविद्यालय में छात्र छात्राओं के व्यक्तित्व के सर्वागीण विकास हेतु नियमित व्यक्तित्व विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। विभिन्न प्रकार के कौशलों, दक्षताओं के विकास हेतु छात्र- छात्राओं के लिए समूह चर्चा, वाद विवाद प्रतियोगिता,

क्विज प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता, वृक्तत्व प्रतियोगिता, मॉक साक्षात्कार, लेखन - गायन प्रतियोगिता,रंगोली प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, जागरूकता रैली, स्वयं Event, Seminar Conference, Workshop आयोजित करना आदि कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किये जाते है। सोना देवी विश्वविद्यालय में प्रक्षिशित योग एवं खेल -कूद प्राध्यापकों द्वारा खेल-कूद, स्पोर्ट्स का प्रशिक्षण, योग की कक्षाऐं नियमित रूप से आयोजित की जाती हैं। इस सत्र 2024-2025 में आयोजित मुख्य कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है :

**1 . विशिष्ट व्यक्तित्व के व्यक्तियों द्वारा व्याख्यान माला का आयोजन**

a) प्रो. चंद्रेश्वर खान, भूतपूर्व डी जी एम, टेल्को, ख्यातलब्ध मैनेजमेंट गुरु : 30-08-2024

b) हिज ग्रेस नाम प्रेम प्रभु जी, अध्यक्ष, इस्कॉन, धनबाद : 02-09-2024

**2 . सप्ताह/ पखवाड़ों का आयोजन**

a ) हिंदी पखवाड़ा : 14-28 सितम्बर, 2024

b) विश्व भेषज सप्ताह : 25-27 सितम्बर, 2024

c) स्वछता पखवाड़ा : 02 - 10 अक्टूबर, 2024

d ) खेल-कूद सप्ताह का आयोजन : 09-12 दिसंबर, 2024

**3 . दिवसों का आयोजन**

a) विश्व युवा कौशल दिवस : 16-07-2024

b) विश्व पर्यावरण दिवस : 30-07-2024

c) शिक्षक दिवस : 05-09 -2024

d) विश्व फार्मासिस्ट दिवस : 25/09/2024

e) संविधान दिवस : 26-11-2024

**4. शिविरों का आयोजन**

a) नेत्र जाँच शिविर : 31-01-2024

b) रक्त दान शिविर : 10-06-2024

c) योग शिविर : 09-12-2024

**5. सेमिनार / वर्कशॉप/ एवं कुछ अन्य कार्यक्रमों का आयोजन**

a) वृक्षारोपण कार्यक्रम : 30-07-2024 एवं 12-09-2024

b) नऐ विद्यार्थियों एवं उनके अभिवावकों हेतु इंडक्शन कम ओरिएंटेशन प्रोग्राम: 08-08-2024

c) शोध प्रविधि, रिसर्च पेपर राइटिंग एवं पब्लिकेशन विषय पर चार दिवसीय कार्यशाला: 09-12 सितम्बर, 2024

d) दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के तत्वावधान में हिन्दी दिवस के मौके पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन, डॉ० रागिनी प्रिया : 14 सितम्बर, 2024

e) दो दिवसीय भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयाम - सिद्धांत एवं प्रवृतियाँ विषय पर अंतराष्ट्रीय अंतर्विषयक संगोष्ठी: 29, 30 दिसंबर, 2024 होने जा रहा है देवघर में।

## 6. कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (Corporate Social Responsibility) के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम

a) कम्बल वितरण कार्यक्रम (Ex DGM Rajiv Ranjan , माननीय Ramdas Soren की उपस्थिति में लगातार पिछले 3 वर्षों से )

b) नि: शुल्क नेत्र जाँच शिविर (भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी और राममनोहर लोहया सेवा सदन अस्पताल के साथ लगातार पिछले 3 वर्षों से )

### 10. विश्वविद्यालय का भविष्य के लिए आयोजन (Planning of the University for the Future)

विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को भविष्य में और अधिक बेहतर एवं गुणवंता पूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने, नवोन्मेष तथा अनुसंन्धान कार्यों को बढ़ावा देने के लिए सोना देवी विश्वविद्यालय आगे आने वाले समय में अपने Infra-structure facilities- जैसे hostel for boys & girls में सुधार करेगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में - B.Ed/Dl.Ed, कानून शिक्षा की पढ़ाई हेतु LLB, different Paramedical Courses तथा Nursing आदि नऐ पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने तथा वर्तमान कोर्सेज में संवर्धन एवं सुधार करेगा जिससे कि यह विश्वविद्यालय उत्तर भारत में एक राष्ट्रीय स्तर का प्राइमियर विश्वविद्यालय बन सके तथा यहाँ पढ़ने वाले छात्र - छात्राएँ , भारत सरकार की Startup India, stand up India, Atal innovation mission प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, Digital India जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभा कर झारखण्ड राज्य का नाम दुनिया में रोशन कर सकें। छात्र -छात्राओं को बेहतर नागरिक बनाने हेतु विश्वविद्यालय में National Credit - Core (NCC), National Service Scheme (NSS) जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रम सन 2025-26 यानी अगले सत्र से प्रारम्भ हो जायेंगे क्योंकि इस दिशा में क्रियान्वयन हो चुका है | Indoor, Outdoor स्टेडियम तथा जिमिनेशियम बनने के बाद विश्वविधालय राज्य एवं राष्ट्र स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिताओं को भविष्य में यहाँ आयोजित करेगा जिससे कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी विकसित हो सकें। क्षेत्र के लोगों के साथ बेहतर, मधुर सम्बन्ध बनाने, उनकी समस्याओं के समाधान में मदद करने तथा छात्रों को विश्वविद्यालय के विभिन्न क्रिया कलापों में Involve कर उन्हें ज्यादा से ज्यादा

लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से सोना देवी विश्वविद्यालय में University - Community Interface Programme (UCIP)Cell का गठन किया जाएगा। छात्र- छात्राओं के स्वास्थ्य संरक्षण हेतु विश्वविद्यालय में Dispensary-क्षेत्र के ग्रामीण लोगों को पैथोलॉजी के क्षेत्र में निशुल्क सुविधा प्रदान की जायेगी जिससे कि विश्वविद्यालय के साथ ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोग जुड़ सकें। Mental Health Clinic एवं Educational & Vocational Guidance Centre की स्थापना सोना देवी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य एवं रोजगार, परामर्श एवं मार्गदर्शन हेतु निकट भविष्य में की जायेगी। भविष्य में सोना देवी विश्वविद्यालय, क्षेत्र के आदिवासी ग्रामीण युवाओं के लिए विभिन्न ज्वलन्त मुद्दों जैसे स्वास्थ्य, पोषण, सफाई एवं स्वच्छता, शिक्षा, रोजगार सृजन के अवसरों की पहचान कर परियोजना निर्माण करना, मानवीय एवं लोकतांत्रिक मूल्यों का संरक्षण, खेलकूद के महत्व, पर्यावरण संरक्षण, (जल, जंगल, जानवर, जमीन, जलवायु, जैविक विविधता आदि के संरक्षण एवं प्रबंधन), वनोउत्पाद प्रसंस्करण द्वारा रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास मछली पालन, बकरी पालन, मुर्गा पालन, मशरुम उत्पादन एवं विपणन जैसे विषयों पर जागरूकता शिवरों, कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करेगा जिससे कि ग्रामीण आदिवासी युवाओं के पलायन को रोक कर उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में लाकर उनके सार्थक विकास में योगदान दिया जा सके जिसके कि वे राष्ट्र के विकास में अपनी भूमिका अदा कर सकें। आगे आने वाले समय में सोना देवी विश्वविद्यालय इस तरह के विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम/कार्यक्रम- जैसे कि संगीत, चित्रकला, हस्तशिल्प, हस्तकला, नाटय कला, वाद्य यंत्र, लेखन, कविता गायन, पर्वतारोहण, सिलाई, कढाई-बुनाई, टाइपिंग, मोटर ड्राइविंग, कृषि, वागवानी, डेयरी, पर्यावरण संरक्षण, एग्रो - प्रसंस्करण, ब्यूटी पार्लर, मोवाइल रिपेयरिंग, टूर एवं ट्रेविल का संचालन, कंप्यूटर कोर्स आदि भी बहुत ही काम फीस के साथ शुरू करेगा जिससे कि आदिवासी युवा वर्ग अपने घर पर रहते हुए न केवल रोजगार सृजन कर सकेंगे बल्कि वे अपने आस पास के स्थानीय, संसाधनों का कार्यक्षम उपयोग कर उनके सातत्य विकास की प्रक्रिया में अहम् भूमिका निभा सकेंगे।

**जय हिन्द, जय भारत, जय झारखण्ड,**